भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

# प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 23.07.2024

## आरेडिका में स्काउट एवं गाइड ने चलाया पर्यावरण बचाओ अभियान

एक पेड़ मां के नाम एवं पेड़ लगाओ पर्यावरण बचाओ अभियान के तहत महाप्रबंधक महोदय की प्रेरणा से आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली में आरेडिका स्काउट एवं गाइड की टीम के द्वारा सिविल विभाग के सौजन्य से शॉपिंग कॉम्प्लेक्स मे उपरोक्त अभियान को सफल बनाने व जागरूकता फैलाने हेतु नुक्कड़ नाटक व सुरेश कुमार जी ने काव्यपाठ के माध्यम से समझाया गया।

कॉलोनीवासियों को 300 पौधा लगाने हेतु वितरण किए व पेड़ लगाने, पर्यावरण बचाने की शपथ दिलवाई गई प्रचार प्रसार हेतु कार्यक्रम में ट्रेड यूनियन व एसोसिएशन्स के प्रतिनिधियों ने सहयोग किया।

इसी कड़ी में स्काउट गाइड टीम के सौजन्य से जिला कमिश्नर (स्काउट व गाइड) एन के वर्मा के नेतृत्व में साईकिल रैली का आयोजन किया गया।उसके पश्चात टाइप–2 आवासों के लिए जाने वाले मैनरोड पर 350 पौधों को लगाया गया।

कार्यालय से आते समय अधिकारियों ने भी उसी मार्ग में पेड़ लगाए जिसमें प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव, मुख्य सामग्री प्रबंधक, सी. पी. सोनी , कामेश्वर पासवान , जे के त्रिपाठी, नेता प्रसाद जी, डी पी मिश्रा , रानू दास, गणेश दत्त , अनिल श्रीवास्तव , एल बी सिंह मौर्य , स्काउट गाइड टीम के जिला सचिव आदित्य प्रकाश, सबीना बानो, दीपक कुमार, सोनी कुमारी व अन्य टीम के कर्मठ सदस्यों के साथ साथ गाइड कब बुलबुल तथा विशेष तौर से आरेडिका के वयोवृद्ध सदस्यों ने भी पौधारोपण में योगदान दिया।

23.7.2024

(आर.एन.तिवारी )

मुख्य जन संपर्क अधिकारी